**Regarding need to sanction funds for development of Jabalpur as a Smart City-Laid**

**श्री आशीष दुबे (जबलपुर) :** मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक अभिनन्दन करना चाहूँगा। प्रधानमंत्री जी के योग्य नेतृत्व में जबलपुर को स्मार्ट सिटी की सूची में सम्मिलित किया गया, जिसके कारण शहरवासियों को समुचित विकास की जिज्ञासा भी बढ़ी है एवं शहर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में शहर का समुचित विकास के साक्षी बनने का गौरव भी सभी को प्राप्त होने जा रहा है। मैं केंद्र सरकार से निवेदन करना चाहूँगा, कि ?स्मार्ट सिटी? योजना के तहत शहर में योजनाओं का रणनीतिक रूप से चरणबद्ध कार्य होना अभी शेष है, इस योजना के तहत होने वाले विकास कार्यों सहित अन्य सहायतार्थ योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाये। यह ऐतिहासिक शहर अपने आप में एक समृद्ध इतिहास समेटे हुए है, इसलिए यहाँ इस योजना का समग्र रूप से क्रियान्वयन होना अत्यंत आवश्यक है। टाउन प्लानिंग के अनुरूप एवं अन्य सम्बंधित विकास कार्यों का जल्द ही साकार रूप में संपन्न होना अत्यंत आवश्यक है। सरकार से विनम्र निवेदन है कि ?जबलपुर? स्मार्ट सिटी योजना को विस्तारित करते हुए 2 हजार करोड़ रुपये अनुमोदित करने की कृपा करें।